## 100 से अधिक मर्दों ने 16 साल की लड़की से बनाए संबंध

लंदन (आरएनएस)। इंग्लैंड के कोर्ट में चाइल्ड सेक्स एब्यूज ट्रायल के दौरान यौन उत्पीड़न को लेकर बड़ा खुलासा हुआ। जहां एक 16 साल की लड़की को 100 से अधिक लोगों के साथ संबंध बनाने के लिए मजबूर किया गया था।

## रूस में होने जा रही है सबसे बड़ी मिलिटरी ड्रिल

मॉस्को (आरएनएस)। मंगलवार को रूस अपने इतिहास की सबसे बड़ी मिलिटरी ड्रिल वीओएसटीओके-2018 लॉन्च करने जा रहा है जिसमें 3,00,000 सैनिक शामिल होंगे। इस ड्रिल में चीन के सैनिक भी हिस्सा लेंगे। रूस ने इस ड्रिल की तुलना यूएसएसआर के 1981 वॉर गेम से की है जिसमें 1,00,000 से 1,50,000 सैनिक शामिल थे। साथ ही यह सोवियत काल की सबसे बड़ी मिलिटरी एक्सरसाइज में से एक थी।

## रूस में पेंशन योजना का विरोध कर रहे 800 से अधिक लोग पुलिस हिरासत में

मॉस्को (आरएनएस)। रूस में सरकार द्वारा प्रस्तावित पेंशन योजना में संशोधन के खिलाफ राष्ट्रव्यापी विरोध-प्रदर्शनों में हिस्सा लेने के लिए पुलिस ने 839 लोगों को हिरासत में लिया। रूस के एक स्वतंत्र मॉनिटरिंग समूह ने यह जानकारी दी। सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार, प्रदर्शनकारी देश में सेवानिवृत्ति की उम्र बढ़ाने के सरकार के प्रस्ताव के विरोध में रविवार को देशभर में रैलियों में इकट्ठा हुए।

## जापान में भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 44

टोक्यो (आरएनएस)। जापान में पिछले सप्ताह आए शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 44 हो गयी और 660 लोग घायल हो गए। सरकार ने सोमवार को बताया कि भूकंप के कारण बिजली की आपूर्ति बाधित रही और शीर्ष ऑटोमोटिव टोयोटा कंपनी ने अपने ज्यादातर संयंत्रों में काम स्थगित कर दिया है।गुरुवार को सुबह आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 6.7 मापी गयी थी। भूकंप से होक्काइदो द्वीप अस्थायी तौर पर प्रभावित हुआ है। वह हवाई सेवा और ट्रेन से पहुंच से कट गया है।

## अफगानिस्तान में हिंसक घटनाओं में 50 लोगों की मौत

काबुल (आरएनएस)। अफगानिस्तान के विभिन्न हिस्सों में सोमवार को हिंसात्मक घटनाओं में 50 से अधिक लोगों की मौत हो गई और कई अन्य घायल हो गए। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी है। स्थानीय पुलिस ने बताया कि उत्तर बालख प्रांत की राजधानी मजार ए शरीफ में बंदूकधारियों ने सोमवार सुबह पूर्व पुलिस अधिकारी तथा एक कालेज छात्र की गोली मार कर हत्या कर दी।

## 1988 में ओसामा बिन लादेन ने लिखी थी आतंक की स्क्रिप्ट

वॉशिंगटन (आरएनएस)। 17 साल पहले 11 सितंबर को पूरी दुनिया आतंकी संगठन अलकायदा और उसके सरगना ओसामा बिन लादेन की दहशत से दुनिया कांप गई थी। न्यू यॉर्क शहर के ट्विन टावर वर्ल्ड सिटी सेंटर और पेंटागन पर हुए आत्मघाती हमले को दुनिया का सबसे भयानक आतंकी हमला माना जाता है। हालांकि, 11 सितंबर 2001 साल पहले हुए इस हादसे की कहानी 1988 में ही शुरू हो गई थी।

## बीजेपी ने भारत बंद को कहा असफल, बताया क्यों बढ़े तेल के दाम

नई दिल्ली (आरएनएस)। पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों पर कांग्रेस के नेतृत्व में विपक्ष के भारत बंद को बीजेपी ने असफल बताया है। बीजेपी ने कहा कि बंद के दौरान हिंसा कांग्रेस और विपक्षी दलों की असफलता है। बीजेपी ने हिंसा पर सवाल उठाते हुए पूछा कि देश की राजनीति हिंसा के जरिए होगी? बीजेपी ने साथ ही तेल की कीमतों में बढ़ोतरी पर भी सफाई दी। पार्टी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय कारणों के चलते तेल की कीमतें बढ़ रही हैं और इसमें सरकार का कोई हाथ नहीं है। बीजेपी ने कांग्रेस अध्यक्ष राहुल गांधी पर गांधी पर निशाना साधते हुए कहा कि राहुल के बोलने से देश को बड़ी चिंता होती है। इस बीच पेट्रोलियम मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने तेल की बढ़ती कीमतों पर आज बीजेपी चीफ अमित शाह से मुलाकात की।

## 4500 करोड़ रुपये का पोंजी स्कीम फ्रॉड, 2 अरेस्ट

मुंबई (आरएनएस)। वडाला स्थित रॉयल ट्विंकल स्टार क्लब के दो डायरेक्टर्स को कई निवेशकों के साथ कम से कम 4500 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के मामले में गिरफ्तार किया गया है। मुंबई पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा के अधिकारियों ने बीते शनिवार इन्हें गिरफ्तार किया।

## आयकर निर्धारण मामले में सोनिया और राहुल की याचिका खारिज

नई दिल्ली (आरएनएस)। तेल की बढ़ती कीमतों को लेकर केंद्र सरकार के खिलाफ हमलावर कांग्रेस पार्टी को नैशनल हेराल्ड केस में दिल्ली हाई कोर्ट से तगड़ा झटका लगा है। सोमवार को कोर्ट ने सोनिया गांधी और राहुल गांधी की उस याचिका को खारिज कर दिया।

# आईटी का आधा दर्जन स्पंज आयरन इंडस्ट्री मालिकों के घरों-कार्यालयों में दबिश

रायपुर (आरएनएस)। आयकर विभाग की टीम ने आज आधा दर्जन स्पंज आयरन कारोबारियों के ठिकानों पर एक साथ दबिश दी है। इसमें रायपुर, बिलासपुर सहित अन्य शहरों में सुबह 5 बजे से रेड की गई है।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार प्रदेश के आधा दर्जन बड़े स्पंज आयरन का कारोबार संचालित करने वाले उद्योगपतियों के यहां आयकर विभाग ने रेड कार्यवाही की है। यह कार्यवाही राजधानी रायपुर के साथ ही अंबिकापुर, दुर्ग, रायगढ़, भिलाई सहित




अन्य शहरों में जारी है। भोपाल के साथ ही इंदौर और रायपुर के आयकर विभाग के अधिकारियों की टीम जिसमें 100 से अधिक सदस्य शामिल हैं, ने आज सुबह 5 बजे से छापामार कार्यवाही शुरू की है। रायपुर में सिविल लाइन, अशोका रतन स्थित कारोबारी के घर और एनआर इस्पात, सुनील इस्पात के साथ ही करीब आधा दर्जन स्पंज आयरन इंडस्ट्री के संचालकों के घरों, दफ्तरों में जांच कार्यवाही की जा रही है। इसके अलावा आयकर की टीम द्वारा फैक्ट्रियों में भी पहुंचकर जांच किए जाने की सूचना मिल रही है। बताया जाता है कि छापामार कार्यवाही में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को शामिल किया गया है।

## धारदार हथियार से हमला करने पर 6 माह की सजा

रायसेन (आरएनएस)। न्यायालय जैनुल आब्दीन न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी गौहरगंज द्वारा जिले के ग्राम सौजना सुल्तानपुर निवासी मोहन आयु 45 वर्ष को फरियादी भगौनी दरोई को कुल्हाड़ी से मारने, गाली गलोच करने तथा जान से मारने की धमकी देने पर धारा 324 भादवि के तहत 6 माह का सश्रम कारावास की सजा सुनाई गई है। उल्लेखनीय है कि 25 नवम्बर 2011 को प्रातः 08 बजे आरोपी मोहन द्वारा ग्राम ककईया में फरियादी भगौनी दरोई पर कुल्हाड़ी



हमला कर फरियादी को गंभीर रूप से घायल कर दिया था। साथ ही फरियादी को अपशब्द कहने के साथ ही जान से मारने की धमकी भी दी। फरियादी भगौनी दरोई द्वारा इस घटना की रिपोर्ट थाना सुल्तानपुर में की गई तथा सम्पूर्ण विवेचना के पश्चात आरोपी मोहन के विरूद्ध धारा 294, 323, 506 भाग दो भादवि के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया।

## 30 किलो गांजा के साथ 3 युवक गिरफ्तार

जांजगीर-चांपा (आरएनएस)। बिर्रा पुलिस ने रविवार की रात तीन युवकों के कब्जे से 30 किलो गांजा जब्त किया है। आरोपी मारूती कार क्रमांक ओडी 17 डी 9887 में गांजा की तस्करी करते भटगांव पार कर बिर्रा की ओर आ रहे थे। इसी दौरान वे बिर्रा पुलिस के हत्थे चढ़ गए। पुलिस ने तीनों युवकों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई कर तीनों को न्यायिक रिमांड में भेज दिया है।




बिर्रा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कार में गांजा की तस्करी की जा रही है। कार भटगांव क्रास कर बिर्रा की ओर जा रही है। कार में तीन लोग सवार हैं और उनके कब्जे में बड़ी तादात में गांजा रखा है। पुलिस ने घेराबंदी करते हुए कार का पीछा किया और रविवार की रात को बसंतपुर चौक में पकड़ लिया। कार में बैठे कीर्तन पटेल पिता विष्णु ओडिशा का रहने वाला है। वहीं उसके साथी शान बिहारी पिता लक्ष्मण पटेल लोहर्सी ओडिशा तथा कुलमणि साव पिता धीरसाय देवानपाली ओडिशा शामिल थे। कार की डिक्की में रखे 29 पैकेट गांजा का वजन कराया गया जिसमें 30 किलो गांजा मिला। गांजा की कीमत डेढ़ लाख रुपए बताई जा रही है।

## यात्री वाहन बस, आटो का कागजात (फिटनेस/ परमीट/ बीमा) चेकिंग अभियान कार्यवाही

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी रायपुर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुरक्षित एवं नियंत्रित संचालन हेतु यातायात पुलिस रायपुर द्वारा शहर के भीतर संचालित होने वाले यात्री वाहन बस एवं आटो वाहनों का कागजात चेकिंग हेतु अभियान कार्यवाही चलाया गया। उक्त अभियान के तहत यातायात में पदस्थ सभी अधिकारियों को शहर के प्रमुख चौक/चौराहों एवं प्रमुख मार्गों पर अलग-अलग टीम बनाकर चेकिंग पाइंट लगाया गया। जो यात्री वाहन बसों का फिटनेस, परमीट, बीमा एवं अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जाँच कर खामी पाये जाने पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क परिसमन किया गया। इसी प्रकार सवारी आटो का भी विषेश रूप से परमीट/ फिटनेस/ बीमा एवं पाल्यूषन सर्टीफिकेट की जाँच किया गया एवं खामी पाये जाने वाले 266 वाहन चालकों पर मोटरयान अधिनियम के तहत चालानी कार्यवाही कर समन शुल्क परिसमन किया गया।

छत्तीसगढ़ पुलिस मुख्यालय रायपुर के निर्देशानुसार सड़क दुर्घटनाओं पर नियंत्रण एवं कमी लाये जाने हेतु यातायात नियमों का उल्लंघन कर षराब सेवन कर नषे के हालत में वाहन चलाने वाले, तेज रफ्तार एवं लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले वाहन चालक, यातायात सिग्नल (संकेतों) का उल्लंघन करने वाले वाहन चालक, मोबाईल से बात करते वाहन चलाने वाले एवं माल यान में सवारी बैठाने वाले वाहन चालकों का चालक अनुज्ञा पत्र निलंबन किये जाने हेतु निर्देषित किया गया है।

## 18 को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन स्थगित

रायगढ़ (आरएनएस)। कलेक्टर कार्यालय रायगढ़ में 11 सितम्बर एवं आगामी 18 सितम्बर को आयोजित कलेक्टर जनदर्शन कार्यक्रम अपरिहार्य कारणों से स्थगित कर दी गई है।

## ग्रामीण की हत्या में शामिल दो वारंटी नक्सली गिरफ्तार

सुकमा (आरएनएस)। सुकमा जिले की छिंदगढ़ थाना पुलिस ने मुखबिर से मिली सूचना के बाद दो स्थायी वारंटी नक्सलियों को धर दबोचा है।

# फिर से नदियों में अवैध खनन का खेल शुरू

देहरादून (आरएनएस)। बरसात के दिन जाते ही दून की नदियों में खनन माफिया सक्रिय होने लगे है। देर रात व सुबह पांच बजे से दून की नदियों का खनन माफिया बेतरतीब तरीके से सीना चीर रहे हैं। इससे खनन माफियाओं पर वन विभाग व पुलिस द्वारा शिकंजा कसे जाने की बात हवा-हवाई साबित हो रही है।



'सुबह पांच बजते ही संतलादेवी क्षेत्र की नदी में अवैध खनन का खेल चालू हो जाता है। बताया जा रहा है कि क्षेत्र में सक्रिय खनन माफिया काफी दबंग है। जिसके खिलाफ पुलिस व वन विभाग कोई कार्यवाही करने से कतरा रहा है। इधर डोईवाला सौंग नदी में थाना कैंट की चैकी सर्किट हाउस से मात्र 500 मीटर दूरी पर पड़ने वाले बीरपुर व पुल के नीचे दिनदहाड़े अवैध खनन को अंजाम दिया जा रहा है।

## भूपेश बघेल से चर्चा लायक कुछ नया नहीं बचा -प्रेम प्रकाश पांडेय

रायपुर (आरएनएस)। भाजपा नेता व छत्तीसगढ़ शासन उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल को कहा कि छत्तीसगढ़ के विकास पर बहस के लिए आप से कई बार बहस हो गई है अब आपमें चर्चा लायक कुछ भी नया नहीं बचा। यदि आपकी कांग्रेस पार्टी गंभीर है तो राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी को बहस के लिए बुलाएं जिससे कुछ नयापन जनता को सुनने के लिए मिलेगा। प्रेमप्रकाश पाण्डेय ने कहा



कि कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष भूपेश बघेल जगह व समय तय कर लें, वे मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह को बहस के लिए तैयार कर लेंगे।

## बच्चों से बुरा व्यवहार करने वालों के नाम उजागर हों : प्रीति झिंगियानी



अभिनेत्री प्रीति झिंगियानी का कहना है कि बच्चों के प्रति अपराध करने या बुरा व्यवहार करने वालों के नाम उजागर होने चाहिए और उन्हें शर्मिंदा करना चाहिए जिससे उन्हें सीख मिल सके। प्रीति ने घटना के बारे में बताते हुए कहा, मेरा बेटा अपने दोस्तों के साथ इमारत के पार्क में खेलने गया था जहां वे कुछ समय से खेल रहे हैं। खेलते समय वे शोर कर रहे थे, आपस में लड़-झगड़ रहे थे, जो मुझे लगता है कि उनके बचपन का हिस्सा है और स्वाभाविक है।

उन्होंने कहा, हालांकि उनमें से एक लड़के ने अपने दादा से इसकी शिकायत कर दी, जिसके बाद उन बुजुर्ग ने वहां आकर हंगामा खड़ा कर दिया। उन्होंने न सिर्फ वहां बच्चों को बल्कि उन्हें बच्चों को गाली देने से रोक रहीं उनकी मम्मियों को भी गाली दी और चिल्लाया।



## आमने-सामने आए अक्षय कुमार और रजनीकांत, 29 नवंबर को होगा मुकाबला

अक्षय कुमार और रजनीकांत की उस फिल्म के पोस्टर रिलीज कर दिए गए हैं, जिसका फैंस को लंबे समय से इंतजार है. ये फिल्म है 2.0 और इसके दो नए पोस्टर आज रिलीज किए गए हैं. साथ ही ये जानकारी भी सामने आई है कि फिल्म 29 नवंबर को रिलीज होने वाली है. इस फिल्म का टीज़र 13 सितम्बर को रिलीज होगा.

# युवा जनता कांग्रेस ने फूंका रमन सरकार पुतला

## रमन सरकार मोबाइल नहीं मौत बाट रही

रायगढ़। चुनाव को पास आते देख रमन सरकार का चुनावी प्रलोभन देने की शुरुवात हो गई है। कभी किसानों का वोट पाने बोनस दिया जा रहा तो कही युवाओ को रोजगार के मुद्दे से भटका कर मोबाइल का झुनझुना पकड़ाया जा रहा है। लेकिन इस रमन सरकार के द्वारा बाते जा रहे मोबाइल भी इतने घटिया क्वालिटी के है जो थोड़े देर चार्ज मे लगाने से गर्म हो रहे है, और फट जा रहे है। लैलूंगा के एक युवक की मौत रमन सरकार द्वारा दिये गए मोबाइल को युवक ने चार्ज मे लगाया था और



बाद मे उसके देखने गया तो मोबाइल मे इतने जोरो से करंट लगा कि युवाओ की मृत्यु हो गई।आज इसी के विरोध मे जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के शहर अध्यक्ष दयाराम धुर्वे के निर्देश पर युवा जनता कांग्रेस के जिलाध्यक्ष आशीष यादव के नेतृत्व मे भाजपा सरकार का पुतला दहन किया गया।

जिलाध्यक्ष आशीष यादव ने कहा रमन सरकार छत्तीसगढ़ की जनता को मोबाइल नही बात रही, सरकार यहां की जनता को मौत बात रही है। इस भाजपा सरकार को यहां की जनता से कोई लेना देना नही, उनको मतलब है सिर्फ जनता के वोट से।

## एजुकेशन — यूजीसी का फैसला- डिग्री, सर्टिफिकेट पर नहीं लिखा जाएगा आधार नंबर

इलाहाबाद। विश्वविद्यालयों से दी जाने वाली डिग्री और सर्टिफिकेट पर आधार नंबर नहीं लिखा जाएगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) के सचिव प्रो. रजनीश जैन ने देशभर के विश्वविद्यालयों के कुलपतियों को पत्र लिखकर आधार नंबर लिखने पर रोक लगा दी है।

डिग्री और सर्टिफिकेट में पहचान के चिह्न के तौर पर आधार नंबर दर्ज करने संबंधी पत्र



यूजीसी की ओर से मार्च 2017 में जारी किया गया था। यह कहते हुए कि यह निर्णय 22 फरवरी को हुई यूजीसी की 521वीं बैठक में लिया गया है। यूजीसी का पत्र मिलने के बाद पिछले वर्ष से इलाहाबाद विश्वविद्यालय एवं इससे संबद्ध कॉलेजों में स्नातक, परास्नातक सहित अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए भरे जाने वाले आवेदन पत्र में आधार नंबर वाले कॉलम को भरना अनिवार्य कर दिया गया था।

यूजीसी के सचिव की ओर से देशभर के कुलपतियों को भेजे गए पत्र में कहा गया है कि आधार (टारगेटेड डिलेवरी ऑफ फाइनेंशियल एण्ड अदर सबसिडी, बेनिफिट एण्ड सर्विस) एक्ट 2016 के तहत किसी के आधार नंबर को सार्वजनिक करना प्रतिबंधित किया गया है। सचिव ने डिग्री और सर्टिफिकेट पर आधार नंबर लिखने से मना करते हुए कहा है कि डिग्री और सर्टिफिकेट की पहचान के लिए फोटो लगाने सहित अन्य उपाय किए जाएं।